प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24.08.2024 **(दोपहर–1455 बजे)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर **मन की बात** कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. एआईआर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

****

झारखंड से गिरफ्तार अलकायदा माड्यूल के मास्टर माइंड डॉक्टर इश्तियाक अहमद समेत पांच संदिग्धों को दिल्ली स्पेशल सेल की टीम अपने साथ दिल्ली ले गयी है। जिन संदिग्धों को दिल्ली ले जाया गया है उनमें इश्तियाक के अलावा हजारीबाग का फैजान अहमद, चान्हों का मतिउर रहमान, रिजवान बाबर और मुफ्ती रहमतुल्ला शामिल हैं। इन सबको दिल्ली पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर ले गयी है।

****

नीट यूजी पेपर लीक मामले में हजारीबाग में सीबीआई द्वारा सील किये गये राज गेस्ट हाउस में किसी ने घुसकर साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ की है। घटना की सूचना पाकर दिल्ली और पटना सीबीआई की टीम हजारीबाग पहुंची। सीबीआई के अधिकारी जब गेस्ट हाउस के अंदर गये तो कई सा्मान और दस्तावेज बिखरे मिले। जांच एजेंसी ने इस सिलसिले में कटकमदाग थाने में शिकायत दर्ज करायी है।

****

आकाशवाणी रांची की ओर से आज रांची के आर्टभट्ट सभागार में श्रावणी का संगीत उत्सव आयोजन किया जा रहा है। संगीत उत्सव का उद्घाटन अकाशवाणी के केंद्र प्रमुख डीसी हेंब्रम, दूरदर्शन के केंद्र प्रमुख आरके राव और आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख गौरव शेखर राय ने संयुक्त रूप से किया।

****

राज्य सरकार की कथित तानाशाही के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने आज सभी जिलों के एसपी कार्यालय और थानों के सामने सरकार का पुतला दहन करने का फैसला किया है। राज्य सरकार की विफलता और परीक्षाओं में धांधली मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर कल रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने राज्यव्यापी युवा आक्रोश रैली निकाली थी।

****

पाकुड़ जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सूचना भवन सभागार में सामाजिक कुरीतियों के निवारण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अजय गुड़िया जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाड्विस बाड़ा ने संयुक्त रूप से किया।

****

गिरिडीह जिले में डीएम एफ टी मद की राशि से कई योजनाओं पर कार्य किए जाएंगे।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज भारी बारिश का औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार रांची के अलावा पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा में आज और कल भारी बारिश हो सकती है।

****

भारतीय क्रिकेट खिलाडी शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी तीनों प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियों संदेश में धवन ने कहा कि वे क्रिकेट की अनगिनत यादे अपने साथ ले जा रहे हैं।

****

जमशेदपुर के टाटा स्टील कांप्लेक्स में चल रहे डुरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में पिछली चैंपियन मोहन बागान ने टाइब्रेकर में पंजाब एफसी को 6– 5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले में निर्धारित समय तक दोनों टीम तीन– तीन की बराबरी पर रही और मैच का फैसला टाईब्रेकर से हुआ।